Case No:- 86/2017
OCMS No:- 2017/00306

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 1-7-21 | पत्रावली आज पेश हुई। वकील प्रार्थीगण की ओर से एक प्रार्थना पत्र आदेश 22 नियम 4 CPC एवं धारा 5 म्याद अधिनियम के पेश किया गया जो मय संशोधित शीर्षक के दिनांक 28/6/21 को पेश किया गया पत्रावली शामिल किया गया।<br>वकील मंडल ने आज न्यायालय में उपस्थिति नहीं देने का निर्णय लिया है। पेशी इल्तवा होकर पत्रावली दिनांक 5/8/21 को पेश हो। | |
| 5/8/21 | पत्रावली आज पेश हुई। पी. ओ. सा. अवकाश में है। पेशी इल्तवा होकर पत्रावली दिनांक 6-9-21 को पेश हो। | |
| 6-9-21 | पत्रावली आज पेश हुई।<br>अधिवक्ता प्रार्थी एवं अप्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना पत्र संयुक्त रूप से पेश कर निवेदन किया कि अप्रार्थी ओमप्रकाश की मृत्यु हो गई है। ओम प्रकाश की मृत्यु के पश्चात सम्पूर्ण परिवार की जायदाद का आपसी सहमति एवं रजामंदी से विभाजन कर समस्त प्रकार के विवाद को समाप्त कर दिया है। एवं आपसी पारिवारिक बंटवारा राजीखुशी कर लिया है। तथा माफिक राजीनामा अब कोई विवाद शेष नहीं रहा है। अधिवक्तागण ने आपसी पारिवारिक बंटवारा की नोटरी से Attested फोटो प्रति भी पेश की है।<br>प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि माफिक राजीनामा उपरोक्त निगरानी जरिए विड्रोल खारिज करमावे।<br>प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा यह निगरानी राजीनामा के आधार पर विड्रोल करने हेतु निवेदन को स्वीकारते हुए। निगरानी को जरिए विड्रोल निरस्त किया जाता है। पक्षकारान खर्चा अपना अपना वहन करेंगे।<br>पत्रावली इस न्यायालय से शुमार फैसल की जाकर नम्बर से कम हो।<br>(हस्ताक्षर)<br>जिला कलेक्टर, पाली | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Ansh Deep Ralh
Date: 2022.01.22 10:57:23 IST
Reason: SelfAttested